2.6.1Anti Drug Awareness Programmes: =4

1st activity 19-12-2023



## चतुर्थ दिवस

19-12-2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिन की शुरुवात प्रभात फेरी, प्रार्थना और योग सत्र से हुई। जिसमें स्वयंसेवियों ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया। मंच संचालन का कार्यभार आजाद समूह ने संभाला। इस दिन महाविद्यालय में कक्षा कक्ष में रंग रोगन किया गया एवं महाविद्यालय के मुख्य द्वार और महाविद्यालय की क्यारियां साफ की गई। दोपहर भोजन के बाद बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ठाकुर थाना नम्होल ने युवाओं को नशे की गंभीरता और इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। डॉ. विनोद कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत अभिनंदन किया। सेमिनार में नशे के दुष्प्रभावों और इससे जुड़े कानूनी पहलुओं पर चर्चा की गई। छात्रों और शिक्षकों ने इस में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशे के विरुद्ध शिक्षा प्रदान करना और जागरुकता फैलाना था। महेंद्र सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को कानून के नियमों एवं नशा निवारण के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया कि किस प्रकार नशा हमारे समाज को

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

### नशा निवारण पर जोर

जुखाला। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में प्राचार्य डॉक्टर ध्रुव पाल की अध्यक्षता में एंटी ड्रग्स सेल की ओर से विद्यार्थियों को नशे के जागरूक किया गया। सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि नशा व्यक्ति का नाश कर देता है। इससे हमेशा दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी प्रो. अमन कुमार, शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा। संवाद

दैनिक सवेरा टाइम्स


नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सके।

### नशे से दूर रहने के बारे में किया गया जागरूक



सवेरा न्यूज/अरुण डोगरा बिलासपुर : राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में प्राचार्य डॉक्टर ध्रुव पाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाएं व एंटी ड्रग्स सेल के तत्वावधान में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया जिसमें मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह ठाकुर सब इंस्पेक्टर पुलिस स्टेशन नमहोल ने शिरकत की। महाविद्यालय के हेल्थ सिर्वसेज और एंटी ड्रग्स सैल के समन्वयक डॉ विनोद कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत अभिनंदन किया। शिविर के दौरान मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति का नाश कर देता है हमेशा इससे दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो अमन कुमार व महाविद्यालय का समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

खोखला कर रहा है और हम आसपास के व्यक्तियों को किस प्रकार नशे से दूर रख सकते हैं इसके बारे में बहुत ही प्रभावी वक्तव्य मुख्य अतिथि का रहा। उसके बाद स्वयंसेवियों ने खेलकूद क्रियाओ में भाग लिया सायंकालीन सत्र में सुभाष चंद्र बोस समूह की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। दिन के अंत में पूरे दिवस का विवरण लिया गया। चतुर्थ दिवस का विराम सामूहिक राष्ट्रीय गान के माध्यम से किया गया।



Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)



### छात्रों को नशे से दूर रहने पर किया जागरूक

जुखाला। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर मे प्राचार्य डाक्टर ध्रुव पाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाए व एंटी ड्रग्स सैल के तत्वावधान में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह ठाकुर सब इंस्पेक्टर पुलिस स्टेशन नम्होल ने शिरकत की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. अमन कुमार व महाविद्यालय का समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

### जुखाला कालेज में बताए नशे के दुष्प्रभाव

बिलासपुर,( आपका फैसला )। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में 'प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाएं व एंटी ड्रग्स सेल के तत्वावधान में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह ठाकुर सब इंस्पेक्टर पुलिस स्टेशन नम्होल ने शिरकत की। महाविद्यालय के हेल्थ सर्विसेज और एंटी ड्रग्स सैल के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत अभिनंदन किया। शिविर के दौरान मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति का नाश कर देता है। इससे हमेशा इससे दूर रहना चाहिए।

Officer NSS

2nd Activity 01-12-2023


GOVERNMENT COLLEGE JUKHALA
DISTRICT BILASPUR, H.P. 174033
Phone No: 01978-286201
Email: principalgcjukhala@gmail.com
Website: https://gcjukhala.ac.in/


**World Aids Day**

**A Report**

World Aids Day was observed with great zeal and fervour at Govt. College Jukhala on Dec. 01, 2023 by the college Red Ribbon Club in collaboration with Anti- Drug Cell, Rover & Ranger Unit and Road Safety Club of this College. This two days celebration was inaugurated formally on Nov.30, 2023 by the worthy principal, Dr. Dhruv Pal Singh Ji as the chief guest of the programme. On the very first day, three competitions namely Poster Making, Declamation and Quiz were organized in which Dr. Raj Kumar, Dr. Devender and Prof. Dimpal Chauhan performed as judges. Aditi Thakur secured first position in Poster Making competition, Rikshita got first position in Declamation competition, whereas Aditi Thakur and Bhawna Sharma held first position in the Quiz Competition.

Prizes were awarded to these winners by the worthy principal on the occasion of World Aids Day -Dec. 01,2023 which was the second day of this awareness campaign. After that, to justify this year's theme – **'Let Communities Lead'**, an awareness rally was taken out by the students to a nearby panchayat complex- Markandeya Makri. Worthy principal, Dr. Dhruv Pal Singh flagged off the rally at 11:30am in which students raised slogans on Aids awareness holding banners and self- made posters. Red ribbons were worn by all participants symbolising solidarity with HIV infected people and also showcasing determination to fight against HIV.

On arriving at Markandeya, Prof. Virender Sharma addressed the panchayat representatives (BDC- Sh. Vinod Kashyap, Vice- President -Sh.Dev Raj Sharma) and other local villagers who had come there to collaborate with the college students and faculty members on this day.Then the girls of Govt. College Jukhala presented a street show ( Nukkad Naatak) on HIV/AIDS. At last, worthy Principal of Govt. College Jukhala addressed all presentees. It was a successful attempt with the participation of about 100 persons including students, staff, panchayat representatives and locals.

pkesari.in बिलासपुर केसरी

## पोस्टर मेकिंग में अदिति ठाकुर, भाषण में रिक्षिता व क्विज प्रतियोगिता में अदिति व भावना प्रथम



Principal
Govt. College Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)
DDO CODE 237

## जुखाला कालेज में एड्स विषय पर निकाली जागरुकता रैली



बिलासपुर, (आपका फैसला)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में रेड रिबन क्लब व एंटी ड्रग सेल, एनएसएस, रोड़ सेफ्टी क्लब और रोवर रेंजर के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने की। कार्यक्रम के प्रथम दिन पोस्टर मेकिंग, भाषण व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग में अदिति ठाकुर, भाषण प्रतियोगिता में रिक्षिता व क्विज प्रतियोगिता में अदिति व भावना ने प्रथम स्थान हासिल किया। इन प्रतियोगिताओं मे डॉ. देवेंद्र, प्रो. डिम्पल व डा. राजकुमार ने निणायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दूसरे दिन विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्राचार्य ने पूर्व दिन की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उसके बाद उन्होंने अपने संदेश में एचआईवी की सही जानकारी व नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया और एड्स जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एड्स जागरूकता रैली महाविद्यालय से गसौड़ बाजार से होकर मार्कंडेय माकड़ी पंचायत के कार्यालय तक निकाली गई तथा वहां पर एचआईवी के कारण एवं बचाव संबन्धित जानकारी पर एक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित कर ग्रामीणों को एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विनोद कश्यप, उप.प्रधान देव राज शर्मा व पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि, एक्सटेंशन आफिसर उद्योग पूनम कुमारी भी मौजूद रहे।

Principal
Govt. College Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)
DDO CODE 237

Snapshots of Aids Awareness Rally on Dec.01, 2023





Principal
Govt. College Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)
DDO CODE 237

Glimpses of Nukkad Naatak on HIV/AIDS awareness performed by the girls of GDC Jukhala in front of Panchayat Representative and Locals on Dec. 01, 2023



Principal
Govt. College Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)
DDO CODE 237

3rd Activity 03-08-2023



LECTURE DELIVER ON ""Awareness on Traffic Rules. Dated 03/08/23

राजकीय महाविद्यालय जुखाला

ट्रैफिक रूल्स पर जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 03/08 /2023 को राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एंटी ड्रग्स व ट्रैफिक रूल्स एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एस.ए ओ. श्री रूपलाल, थाना बरमाना ने शिरकत की । इस अवसर पर सर्वप्रथम डॉ राजेश ठा द्वारा मुख्य वक्ता व प्राचार्य महोदय का स्वागत अभिनंदन किया गया । मुख्य वक्ता एसएच महोदय ने विद्यार्थियों को नशे से बचने की सलाह दी । अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि बु आदत मनुष्य को अंधेरे की तरफ ले जाती है । इसके अतिरिक्त उन्होंने ट्रैफिक रूल्स की जानकारी विद्यार्थियों को दी कि बिना लाइसेंस , बिना हेलमेट से कभी वाहन को ना चलाएं इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य श्री सुदामा राम जी ने भी विद्यार्थियों को जीवन में क मेहनत करने की सलाह दी और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया । अपने वक्तव्य उन्होंने कहा नशा व्यक्ति के जीवन का नाश कर देता है । इससे विद्यार्थियों को बचकर रहना है । इस अवसर पर एंटी ड्रग्स समन्वयक डॉ विनोद कुमार व सड़क सुरक्षा ट्रैफि इंचार्ज प्रो राजेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम में ए· स· आई .श्री अनि कुमार, प्रो राजेश कुमार, डॉ जसवंत सिंह सैनी, डॉ कश्मीर सिंह, प्रो वीरेंद्र शर्मा, राजकुमार, डॉ रामप्रकाश, प्रो प्रेमचंद, प्रो अमन, प्रो अमित, प्रो दीपाली एवं गैर शिक्षक उपस्थित रहा

04-08-2023 Amar Ujala

## बिना लाइसेंस वाहन न चलाएं : कथानिया

जुखाला (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एंटी ड्रग्स और यातायात नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरमाणा थाना के एसएचओ रूपलाल कथानिया ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

एसएचओ ने विद्यार्थियों को नशे से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बुरी आदतें मनुष्य को अंधेरे की तरफ ले जाती हैं। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। कहा कि बिना लाइसेंस और हेलमेट के कभी भी दोपहिया वाहन न चलाएं। वाहन चालक यातायात नियमों की अनुपालना करें, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। प्राचार्य सुदामा राम ने भी विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने की सलाह दी।

नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एंटी ड्रग समन्वयक डॉ. विनोद कुमार, सड़क सुरक्षा ट्रैफिक इंचार्ज प्रो. राजेंद्र कुमार, एसआई अनिल कुमार, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. जसवंत सिंह सैनी, डॉ. कश्मीर सिंह, प्रो. वीरेंद्र शर्मा, डॉ. राजकुमार, डॉ. रामप्रकाश, प्रो. प्रेमचंद, प्रो. अमन, प्रो. अमित, प्रो. दीपाली मौजूद रहे। संवाद

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

